52.80% प्रबुद्ध वोटरों ने बनाई दूरी

उदासीनता

फतेहपुर, संवाददाता। लोकतंत्र में मतदान को अधिकार के साथ-साथ जिम्मेदारी भी माना जाता है, लेकिन स्नातक एमएलसी चुनाव में जिले के आधे से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। शुक्रवार को हुए मतदान में 17,596 पंजीकृत मतदाताओं में से केवल 47.20 प्रतिशत ने ही वोट डाला, जबकि 52.80 प्रतिशत मतदाता मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचे। कम मतदान के पीछे मतदाता सूची में नाम और अन्य विवरणों में गड़बड़ी, चुनाव के प्रति उदासीनता और पात्र स्नातकों को मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के प्रति जागरूकता की कमी जैसे कारण माने जा रहे हैं।



जीजीआईसी में परिवार के साथ मतदान के बाद बाहर निकलते सदर विधायक।

मतदाता सूची में क्रमांक 108 पर नाम के स्थान पर 'पर अली के पास है' दर्ज था। वहीं, पते या अन्य विवरणों में गड़बड़ी के कारण भी कुछ मतदाताओं को मतदान करने में परेशानी का सामना करना पड़ा होगा। इसके अलावा, स्नातक निर्वाचन की प्रक्रिया और उसके महत्व की जानकारी का अभाव भी मतदान प्रतिशत कम रहने का एक कारण हो सकता है। प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का मानना है कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने, पात्र स्नातकों को मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए जागरूक करने और चुनाव की प्रक्रिया पहुंचाने से भविष्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिल सकती है।



"पिछले स्नातक चुनाव की तुलना में इस बार मतदान प्रतिशत संतोषजनक रहा है। भाजपा प्रत्याशी की जीत तय है। कुछ मतदान केंद्रों पर सपा नेताओं ने बूथ कैप्चरिंग करने की कोशिश की, जिसका विरोध करते हुए उनकी मंशा को विफल कर दिया गया। सपा नेताओं द्वारा की गई झूठी शिकायतें उनकी हार की हताशा को दर्शाती हैं। -अन्नू श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष भाजपा



"अपेक्षा से कम मतदान हुआ है। सपा प्रत्याशी की जीत तय है। भाजपा नेताओं ने अधिकतर मतदान केंद्रों पर धांधली करने का प्रयास किया। उनके बूथ एजेंटों को बाहर कर दिया गया और सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए गए। इस मामले से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मामले में कार्रवाई करने की मांग की गई है। सुरेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष सपा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

नऊवाबाग शाखा:
78-ए, तंबेश्वर नगर, जी.टी. रोड, फतेहपुर 212601 (भारत),
मो.: 7704909166, ई-मेल: nauwab@bankofbaroda.com

संक्षिप्त वाहन ई–नीलामी सूचना

अनुबंध–13

आम जनता एवं विशेष रूप से ऋणी(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने पक्षों द्वारा निष्पादित दृष्टिबंधक / ऋण समझौते के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित दृष्टिबंधक मोटर वाहन को पुनः प्राप्त / जब्त कर लिया है और वाहन को **"जैसा है, जहां है", "जैसा है, जो है" और "जो भी उपलब्ध है"** के आधार पर नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। ऋणी / जमानतकर्ता / वाहन / कुल बकाया राशि / आरक्षित मूल्य / ई–नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	ऋणी एवं जमानतकर्ता का नाम व पता	कुल बकाया	वाहन निर्माता एवं मॉडल आरटीओ पंजीकरण सं.	1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. अग्रिम धनराशि (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि	ईएमडी जमा खाता संख्या / आईएफएससी कोड / बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा	वाहन/चल संपत्ति निरीक्षण दिनांक व समय
1.	1. दीपक कुमार, निवासी 437, मुरांव, फतेहपुर, उ.प्र.–212622 2. रामराज, निवासी गड़रियनपुर, मुरावां, फतेहपुर, उ.प्र.– 212622	रू. 3,17,349.35	Eicher Tractors Eicher 333 UP71AV4230	1. 26.11.2026 सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक 2. 25.11.2026 सुबह 10:00 बजे तक	1. रू. 2,00,000/- 2. रू. 20,000/- 3. रू. 10,000/-	58330015181869 / BARB0NAUWAB / नऊवाबाग	24.10.2026 से 25.11.2026 सुबह 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक
2.	श्रीमती पूजा देवी पत्नी फूल चंद्र, निवासी ग्राम मकान नंबर 114 मोहम्मदीपुर, बेरा गढ़ीवा, जिला–फतेहपुर, पिन कोड–212601	रू. 4,41,688.88	Eicher Tractors Eicher 380 USJ UP71BA6806	1. 26.11.2026 सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक 2. 25.11.2026 सुबह 10:00 बजे तक	1. रू. 3,00,000/- 2. रू. 30,000/- 3. रू. 10,000/-	58330015181869 / BARB0NAUWAB / नऊवाबाग	24.10.2026 से 25.11.2026 सुबह 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक
3.	श्री राजेश पुत्र मनोहर, चेवका, हुसैनगंज, फतेहपुर, उ.प्र.–212651	रू. 3,86,868.65	Eicher Tractors Eicher 551 UP71BA6641	1. 26.11.2026 सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक 2. 25.11.2026 सुबह 10:00 बजे तक	1. रू. 2,50,000/- 2. रू. 25,000/- 3. रू. 10,000/-	58330015181869 / BARB0NAUWAB / नऊवाबाग	24.10.2026 से 25.11.2026 सुबह 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक
4.	श्रीमती अनीता देवी पत्नी राजेंद्र सिंह, फरीदपुर, मकनपुर, चितीसपुर, फतेहपुर–212651	रू. 2,93,548.13	Eicher Tractors Eicher 333 UP71AX8973	1. 26.11.2026 सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक 2. 25.11.2026 सुबह 10:00 बजे तक	1. रू. 2,60,000/- 2. रू. 26,000/- 3. रू. 10,000/-	58330015181869 / BARB0NAUWAB / नऊवाबाग	24.10.2026 से 25.11.2026 सुबह 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक
5.	श्री महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र उधम सिंह, सीर इब्राहिमपुर पोस्ट–मवई फतेहपुर, उ.प्र.–212651	रू. 2,67,052.40	Escort Kubola 434 E7 UP71BB3197	1. 26.11.2026 सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक 2. 25.11.2026 सुबह 10:00 बजे तक	1. रू. 2,00,000/- 2. रू. 20,000/- 3. रू. 10,000/-	58330015181869 / BARB0NAUWAB / नऊवाबाग	24.10.2026 से 25.11.2026 सुबह 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक

बिक्री की विस्तृत शर्तों एवं नियमों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.baanknet.com देखें। इच्छुक बोलीदाता शाखा प्रमुख के मोबाइल नंबर 7704909166 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 24.10.2026 स्थान: फतेहपुर

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतपेटियां झांसी रवाना

फतेहपुर। शुक्रवार को जिले के 25 मतदेय स्थलों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के बाद सभी 25 मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच सरकारी वाहन से झांसी रवाना किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम विनय पाण्डेय ने बताया कि सभी मतपेटियां समय पर मुख्यालय पहुंच गई थीं। एक मतदेय स्थल की कागजी कार्यवाही पूरी होने में थोड़ा विलंब हुआ। सभी मतपेटियों का सत्यापन कर सीरियलवार सूची तैयार की गई। इसके बाद एसडीएम और सीओ की निगरानी में भारी पुलिस बल के साथ मतपेटियों को झांसी भेजा गया।

अदालती सूचना

आज्ञा से- समक्ष प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, देहरादून।
तलाक याचिका संo वर्ष 2026

याची- श्रीमती सीता देवी, आयु लगभग 37 वर्ष, पत्नी श्री ओम प्रकाश, पुत्री श्री मोतीलाल निवासी- दून आई०टी०पार्क, गोविन्द विहार, डांडा खुदानेवाला, सहस्त्रधारा रोड, पोस्ट गुजराड़ा, देहरादून, उत्तराखण्ड। पिन नं० 248001

विपरीत

विपक्षी- श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री जागेश्वर, निवासी- गाँव अजनई, डाकघर कुंभीपुर, तहसील खागा, जिला फतेहपुर, उत्तर प्रदेश।

नोटिस बनाम– श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री जागेश्वर, निवासी- गाँव अजनई, डाकघर कुंभीपुर, तहसील खागा, जिला फतेहपुर, उत्तर प्रदेश।

आपको सूचित किया जाता है कि याची श्रीमती सीता देवी, पत्नी श्री ओम प्रकाश, पुत्री श्री मोतीलाल निवासी-दून आई०टी०पार्क, गोविन्द विहार, डांडा खुदानेवाला, सहस्त्रधारा रोड, पोस्ट गुजराड़ा, देहरादून, उत्तराखण्ड ने आप विपक्षी श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री जागेश्वर, निवासी - गाँव अजनई, डाकघर कुंभीपुर, तहसील खागा, जिला फतेहपुर, उत्तर प्रदेश कि विरूद्ध धारा-25 (ii) उत्तराखण्ड स०ना०सं० 2024 योजित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 05-11-2026 को प्रातः 10:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिये नोटिस किया जाता है। अन्य न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपस्थित हो सकते है, जिसे सम्यक, अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके तथा जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन उन सभी दस्तोवजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करे, कि जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बतायी गयी तारिख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की सुनवाई औरउसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 22.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

प्रबन्धक
समक्ष प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय,
देहरादून, उत्तराखण्ड

Scanned with CamScanner